# प्रदेश के शहरों में सभी जरूरी स्थानों पर मिलेगी ई-चार्जिंग की सुविधा

## चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2023 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश को इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स के क्षेत्र में लीडर बनाने के लिये काम शुरू कर दिया गया है। शहरों में सभी ज़रूरी स्थानों पर ई-चार्जिंग की सुविधा मिलेगी।

## प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार का उद्देश्य सिर्फ ईवी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना ही नहीं है, बल्कि इसका इस्तेमाल कर रहे नागरिकों को सभी ज़रूरी स्थानों पर समुचित चार्जिंग की सुविधा भी देना है।
- इसकी जिम्मेदारी नगर विकास विभाग को दी गई है। उसने ई-चार्जिंग सुविधाओं के लिये सेवा प्रदाताओं को ज़रूरत के आधार पर ज़मीन देनी की प्रक्रिया भी तय कर दी है।
- पहले चरण में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) को स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 17 नगर निगम वाले शहरों में लागू किया जाएगा। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक डेवलपमेंट के लिये कार्यकारी समूह का भी गठन किया गया है।
- प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि चार्जिंग के लिये सरकारी संस्थाओं को ज़मीन 10 वर्ष के पट्टे या लीज पर दी जाएगी। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिये विद्युत मंत्रालय के मानकों के अनुसार निर्धारित रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर किया जाएगा।
- पट्टा अवधि, रेवेन्यू शेयरिंग रेट व अन्य निर्धारित मानकों को समय-समय पर संशोधित किया जाएगा। संस्थाओं का चयन टेंडर प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। उपभोक्ताओं को न्यूनतम शुल्क पर चार्जिंग की सुविधा देने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-charging-facility-will-be-available-at-all-necessary-places-in-the-cities